मैं प्यार करता रहूँगा उसे

आज मेरे दिल ने खामोशी में मुझसे कहा, तेरा ये दिल ना है अब तेरा रहा।
जिसकी यादों में है आज तू खोया हुआ, अब उसी के लिए ही यह धड़क रहा।।
जा कहदे करता है उससे प्यार तू,, मेरे ख्वाबों,, मेरी सांसो में है अ– यार तू।
जिसके बिन जी पाना है एक पल मुश्किल, जा बना ले उसको अपना आज तू।।
मैंने अपने दिल की सुनी, पास गया उसके, उसको अपने दिल की बात कही।
उसके दिल ने शायद कहा कुछ और, जो न चाहते थे उसकी वो ही न मिली।।
मैंने दिल से कहा, तू भूल जा उसे, भूलना है अच्छा वो ना मिल पाएगी तुझे।
जीना है अब तुझको बिन उसके ही, और मान लेनी ही होगी ये हकीकत तुझे।।
मेरे दिल ने कहा, नही हो सकता है ये, नही हो सकता है मैं भूल जाऊँ उसे।
जिसको देखकर मैं भूल गया खुद को, जमाने को, मैं कैसे भूल सकता हूँ उसे।।
नही मैं नही भूल सकता हूँ उसे,, मैं हर लम्हे, हर पल प्यार करता रहूँगा उसे।
जब तक चलती रहेगी मेरे दिल कीं धड़कनें, मैं बस प्यार ही करता रहूँगा उसे।।